# हिंदी ( तृतीय )
## कक्षा-आठवीं

**समय : 3 घंटे** **( प्रश्न पत्र प्रारूप 2023-24 )** **कुल अंक : 80**

I. प्रश्नों का वर्गीकृत महत्त्व :

| प्रश्नों के प्रकार | दीर्घउत्तरात्मक | लघूत्तरात्मक I | लघूत्तरात्मक II | अतिलघूत्तरात्मक/ बहुवैकल्पिक | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्नों की संख्या | **05** | **01** | **01** | **2/9** | **18** |
| अंक | **24** | **6** | **06** | **9/35** | **80** |

II. इकाई का महत्त्व :

| क्रम सं. | खंड का नाम | अंक |
|---|---|---|
| | खंड (क) | |
| **1.** | (क) अपठित गद्यांश } (बहुवैकल्पिक) | **5** |
| | (ख) अपठित गद्यांश | **5** |
| | | **10** |
| | खंड (ख) | |
| **2.** | व्यावहारिक व्याकरण (बहुवैकल्पिक) | **20** |
| | खंड (ग) | |
| **3.** | अपठित गद्यांश (बहुवैकल्पिक) | **05** |
| **4.** | दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न | **04** |
| **5.** | लघूत्तरात्मक प्रश्न-I (25-30 शब्द) | **06** |
| **6.** | लघूत्तरात्मक प्रश्न-II (30-40 शब्द) | **06** |
| **7.** | अति लघूत्तरात्मक | **09** |
| | खंड (घ) | |
| **8.** | रचनात्मक लेखन (अनुच्छेद, पत्र, चित्रवर्णन/डायरी लेखन, संवाद लेखन) | **20** |
| | **कुल** | **80** |

III. वैकल्पिक नीति : प्रश्न 12, 13, 14, 15, 16, 18

IV. खंड नीति : खंड 'क', 'ख' , 'ग' , 'घ'

V. काठिन्य स्तर वर्गीकरण:

1 कठिन प्रश्न : **26.2%**  2. औसत प्रश्न : **45%**

3. सरल प्रश्न : **28.8%**

VI. विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर हेतु अनुमानित विस्तार तथा समय सीमा निर्धारण :

| प्रश्नों के प्रकार | अनुमानित उत्तर विस्तार | अनुमानित समय सीमा निर्धारण |
|---|---|---|
| 1. दीर्घ उत्तरात्मक | 80-100 शब्द | 1 घंटा 30मिनट |
| 2. लघूत्तरात्मक प्रश्न I & II | एक वाक्य/25-30 शब्द/30-40 शब्द | 30मिनट |
| 3. अति लघूत्तरात्मक | एक शब्द | 1 घंटा |

## प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र - I (2023-2024)

### कक्षा-आठवीं
### हिंदी ( तृतीय )

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' ।
2. सभी खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमश: एक साथ लिखिए।
4. उत्तर-पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में दी गई है।

### खंड 'क' ( अपठित बोध )

1.(I) निम्नलिखत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्प छाँटकर लिखिए (1x5=5)

पौष्टिक भोजन जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। हमारे परम्परागत पौष्टिक भोजन का संबंध केवल जीभ व पेट से न होकर संपूर्ण शरीर व स्वास्थ्य से था। उसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता था, किन्तु वर्तमान के भागमभाग भरे जीवन में हम जिस जंक फ़ूड का सेवन बहुतायत में कर रहे हैं, वह केवल स्वाद के लिए अच्छा है, उसका अधिकसेवन ना तो पेट के लिए अच्छा है और ना ही सेहत के लिए। इसी कारण आज का आदमी मोटापे, रक्तचाप, शुगर, कोलेस्ट्रॉल आदि से ग्रस्त दिखाई दे रहा है। अगर सच कहा जाए तो आदमी जंक फ़ूड को नहीं, बल्कि जंक फ़ूड आदमी को खा रहा है। जंक फ़ूड में प्रयोग मैदा, केमिकल्स व चिकनाई पाचन तंत्र पर बुरा प्रभाव डालते हैं। इसका सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। यदि विद्यार्थी जीवन में बच्चे जंक फ़ूड का सेवन कम करेंगे, तो उनकी बुद्धि का विकास भी अच्छी तरह हो सकेगा क्योंकि रिसर्च बताती है कि जंक फ़ूड के अधिक सेवन से बुद्धि का विकास भी प्रभावित होता है। अत: समय रहते हमें इस बात को समझ लेना चाहिए कि अपने परम्परागत पौष्टिक भोजन द्वारा ही हम स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकेंगे।

(i) अभिकथन (A)- आज का आदमी मोटापे, रक्तचाप, शुगर आदि बीमारियों से ग्रसित है।

कारण (R)- आज जंक फ़ूड का प्रयोग बहुतायत रूप से हो रहा है।

(क) कथन (A) कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ii) पौष्टिक भोजन का संबंध किससे होता है?

(क) स्वास्थ्य से (ख) शरीर से

(ग) जीभ एवं पेट से (घ) स्वास्थ्य व शरीर से

(iii) केवल स्वाद के लिए कौन-सा भोजन अच्छा होता है?

(क) पौष्टिक भोजन (ख) जंक फूड

(ग) मैदा वाला भोजन (घ) चिकनाई वाला भोजन

(iv) हमें समय रहते कौन-सी बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए?

(क) पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए।

(ख) थोड़ा जंक फूड ले लेना चाहिए

(ग) भागमभाग भरे जीवन से बचना चाहिए।

(घ) रोगमुक्त रहने का प्रयास करना चाहिए।

(v) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है-

(क) जंक फूड : जीवन का आधार

(ख) पौष्टिक भोजन : स्वस्थ जीवन का आधार

(ग) पौष्टिक भोजन के लाभ

(घ) परम्परागत पौष्टिक भोजन

(II) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्प छाँटकर लिखिए- (1x5=5)

यज्ञ समाप्त हुआ। वाजश्रवा ने ब्राह्मणों को दक्षिणा देना प्रारम्भ कर दिया। यज्ञ की इस अंतिम घड़ी में वाजश्रवा को किसी मोह ने घेर लिया। कहाँ तो उसने निश्चय किया था

कि यज्ञ की समाप्ति पर वह अपनी सारी सम्पत्ति दान कर देगा और कहाँ दक्षिणा में ऐसी बूढ़ी और कमज़ोर गाएँ दान करने लगा जिन्होंने दूध ही देना बन्द कर दिया था। लोग दबी ज़ुबान में उसकी आलोचना कर रहे थे, पर सबसे अधिक दुखी है किशोर बालक नचिकेता– वाजश्रवा का पुत्र। उससे न रहा गया। वह अपने पिता के पास गया और बोला, ''आप दक्षिणा में बूढ़ी और दुर्बल गाएँ दे रहे हैं, जिनका आपके लिए कोई उपयोग ही नहीं रह गया है। इससे आपको पुण्य नहीं मिलेगा।'' फिर कुछ देर रूक कर बोला, ''पिता जी, आपको सबसे प्रिय तो मैं हूँ। आप मुझे ही किसी को दक्षिणा में क्यों नहीं दे देते?''

(i) वाजश्रवा ने ब्राह्मणों को दक्षिणा देना कब प्रारम्भ किया?

(क) यज्ञ समाप्त होने पर (ख) यज्ञ आरम्भ होने पर

(ग) यज्ञ के मध्य में (घ) यज्ञ से एक दिन पहले

(ii) यज्ञ की अंतिम घड़ी में वाजश्रवा को किसने घेर लिया?

(क) भय ने (ख) मोह ने

(ग) हर्ष ने (घ) शोक ने

(iii) वाजश्रवा ने ब्राह्मणों को दान में क्या दिया?

(क) बूढ़ी गाय (ख) कमज़ोर गाय

(ग) बूढ़ी कमज़ोर गाय (घ) कमज़ोर दुर्बल गाय

(iv) निम्नलिखित वाक्य ध्यानपूर्वक पढ़िए–

1. वाजश्रवा ने अपनी सारी सम्पत्ति दान कर दी।
2. पिता को बूढ़ी और कमज़ोर गाय दान करते देखकर नचिकेता बहुत दुखी हुआ।
3. बूढ़ी तथा कमज़ोर गाय पाकर ब्राह्मण बहुत नाराज़ हुए।
4. नचिकेता ने बूढ़ी तथा कमज़ोर गाय देने से पिता को मना किया।

उपर्युक्त वाक्यों में से कौन–सा/ कौन–से वाक्य सही है/हैं?

(क) 2 तथा 4 (ख) 1 तथा 4

(ग) 2 तथा 1 (घ) 1 तथा 3

(v) आप मुझे ही किसी को दक्षिणा में क्यों नहीं दे देते?

यह कथन किसने कहा?

(क) वाजश्रवा ने (ख) वाजश्रवा के पुत्र ने

(ग) ब्राह्मण ने (घ) बूढ़ी कमज़ोर गायों ने

## खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

2 (I). निम्नलिखित विकल्पों में से उचित अनुस्वार वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए – 1/2

(क) प्रशंसा (ख) उंमग

(ग) मन्दिर (घ) जगंल

(II) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित स्थान पर लगे अनुनासिक चिह्न वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए– 1/2

(क) पंखा (ख) आँसू

(ग) कुँआ (घ) पंकज

(III) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित मानक रूप वाला विकल्प होगा– (1)

(क) विद्वान, वृद्ध, युद्ध (ख) मिट्टी, लड्डू, गद्दा

(ग) महत्त्व, बुद्धिमान, विद्यार्थी (घ) वृद्ध, छुट्टी, विद्यालय

(IV) 'र' के उचित रूप वाला सही विकल्प होगा– (1)

(क) गाम्रीण (ख) ड्रम

(ग) र्धम (घ) कृषक

3. (I). व्यक्तिवाचक संज्ञा का सही विकल्प होगा– (1)

(क) नदी (ख) पर्वत

(ग) भारत (घ) पेड़

(II) '...........आगे पढ़ना चाहता हूँ रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्द द्वारा कीजिए– (1)

(क) तुम (ख) वह

(ग) मैं (घ) हम

(III) 'रोहन ने मीठा सेब खाया।' .......... दिए गए वाक्यों में विशेषण तथा विशेष्य हैं ..... (1)

(क) रोहन - मीठा (ख) सेब - रोहन

(ग) मीठा - सेब (घ) मीठा - रोहन

4. (I). 'चीन के राजा ने सेना में सैनिकों की भर्ती प्रारम्भ कर दी।- वाक्य में संयुक्त क्रिया होगी- (1)

(क) कर दी (ख) प्रारम्भ कर दी

(ग) दी (घ) भर्ती

(II) 'कुम्हार के घर के आगे गधे की जगह शेर बँधा था।- वाक्य में काल का भेद है- (1)

(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल काल

(ग) भविष्यत् काल (घ) प्राचीन काल

(III) 'सप्ताह में एक बार होने वाला'- वाक्यांश के लिए एक शब्द छाँटकर लिखिए- (1)

(क) वार्षिक (ख) पाक्षिक

(ग) साप्ताहिक (घ) दैनिक

5. (I). 'धरती' के पर्यायवाची शब्द हैं- (1)

(क) ज़मीन तथा पाताल (ख) भूमि तथा आकाश

(ग) धरा तथा भूमि (घ) वसुंधरा तथा आसमान

(II) 'सरिता' शब्द पर्यायवाची है- (1)

(क) पेड़ (ख) नदी

(ग) सागर (घ) अनिल

(III) 'दिल्ली शहर में <u>नई</u> और ....... बहुत-सी इमारते हैं।- (1)

रेखांकित शब्द का विलोम छाँटकर लिखिए-

(क) पुरातन (ख) नवीन

(ग) पुरानी (घ) प्राचीन

6\. (I). 'लकड़ी' शब्द का बहुवचन होगा- (1)

(क) लकड़ी (ख) लकड़ियाँ

(ग) लकिड़याँ (घ) लकड़ीयाँ

(II) 'स' उपसर्ग द्वारा बनने वाला उचित शब्द होगा- (1)

(क) संदेश (ख) सफल

(ग) सामान (घ) सल्तनत

(III) निम्नलिखित में से किस शब्द में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग <u>नहीं</u> किया गया है- (1)

(क) साहसी (ख) परिश्रमी

(ग) भारतीय (घ) उत्साही

7\. (I). 'उसके सिर..........टोपी थी।'- उचित कारक चिह्न द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- (1)

(क) में (ख) पर

(ग) का (घ) ने

(II) 'रामू एक पंडित जी के घर गया।' वाक्य में कारक चिह्न होगा- (1)

(क) एक (ख) जी

(ग) के (घ) के घर

(III) शुद्ध शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए- (1)

(क) सत्यग्रह, सग्राम

(ख) दीवार, कलाकारी

(ग) आँदोलन, आदीवासी

(घ) र्निदयी, आपाहिज

8. (I). 'अपने लिए नई पोशाक देखकर रीमा के .......। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित मुहावरा छाँटिए- (1)

(क) मुँह में पानी आ गया

(ख) मन ही मन लड्डू फूटने लगे

(ग) हृदय पर साँप लोटने लगे

(घ) हाथों के तोते उड़ गए।

(II) 'उचित विराम-चिह्न वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए- (1)

(क) हाय! अब क्या होगा?

(ख) राम रात, दिन मेहनत करता है!

(ग) माँ ने कहा, ''तुम कब आए'।'

(घ) रीमा बाज़ार से फल- सब्ज़ी तथा कपड़े खरीद कर लाई?

## खंड 'ग' ( पाठ्य पुस्तक )

9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×5=5)

रोहित ने बताया- अजंता में बने चित्रों के रंग खनिजों से बने हैं। इसलिए वे आज भी कुछ समय पुराने ही लगते हैं। चित्रों में लाल रंग के लिए 'गेरू', पीले के लिए 'प्योढ़ी' (पीला पत्थर) और सफ़ेद रंग के लिए 'चूने' का प्रयोग किया गया था। उन्हें पीसकर गोंद के साथ मिलाकर तैयार किया जाता था। नीले रंग के लिए 'लेपिज़ लजूली' नाम के पत्थर का उपयोग किया गया। यह पत्थर अफगानिस्तान से मँगवाया गया। लेकिन इस नीले रंग का प्रयोग बहुत ज्यादा नहीं है। अजंता में सबसे अधिक हरे रंग का प्रयोग हुआ है। हरा रंग बनाने के लिए 'ग्लूकोनाइट' नाम के पत्थर का प्रयोग किया गया जो आस-पास के पहाड़ों पर मिल जाता था। कुछ रंगों को बनाने के लिए पौधों का भी प्रयोग किया गया। जैसे होठों के लिए लाल रंग लेकिन यह लाल रंग तो अब उड़ गया है। पौधों से बनने वाले रंग जल्दी उड़ जाते थे।

(I) अजंता में बने चित्रों के रंग किससे बने है?

(क) गोंद से (ख) खनिजों से

(ग) रबड़ से (घ) धातुओं से

(II) चित्रों में लाल रंग और सफ़ेद रंग के लिए किसका प्रयोग किया गया है?

(क) प्योढ़ी, चूना (ख) गेरू, प्योढ़ी

(ग) ग्लूकोनाइट, प्योढ़ी (घ) गेरू, चूना

(III) नीले रंग के लिए किस पत्थर का उपयोग किया गया व इसे कहाँ से मँगवाया गया?

(क) ग्लूकोनाइट–अफ़गानिस्तान

(ख) लेपिज़ लजूली– अफ़गानिस्तान

(ग) प्योढ़ी - अजंता

(घ) गेरू– अजंता

(IV) होठों के लिए लाल रंग को बनाने के लिए किसका प्रयोग किया गया?

(क) पत्थरों का (ख) खनिजों का

(ग) पौधों का (घ) मिट्टी का

(V) पौधों से बनने वाले रंगों का क्या प्रभाव पड़ता था?

(क) स्थायी रहते थे (ख) जल्दी उड़ जाते थे

(ग) अधिक गहरे हो जाते थे (घ) चमकीले हो जाते थे।

10. (I) पठित पाठों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 1×2=2

(क) बादशाह होजा को अपना .......... बनाना चाहता था।

(ख) .......... में एक निर्दयी राजा राज्य करता था।

(II) पठित पाठों के आधार पर वाक्यों का मिलान कीजिए– (½×4=2)

| <u>'क'</u> | <u>'ख'</u> |
|---|---|
| (i) चंदा चमकेगा | चिकित्सक |
| (ii) आसमान का सफ़र | पौष्टिक भोजन खाता था |
| (iii) टेरेंस लेविस | और यह मौसम है, जाड़े का |

(iv) धरती पटक सिंह		तारों की जगर-मगर में

11. (I) निम्न कथन किसने, किससे कहे- (1×2=2)

(क) ''युद्ध सैनिक बल से नहीं बुद्धि बल से जीते जाते हैं।''

(ख) '' यह टिकट आप ले लीजिए। आपके ही नाम है।''

(II) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- (1×3=3)

(क) नदी चलते-चलते आखिर में किसे पाती है?

(ख) बारिश वाली रात बुढ़िया के घर में कौन आकर छिप गया था?

(ग) कौन-सी ऋतु न आने पर हम रिमझिम बूँदों के लिए रोते हैं?

(घ) हरित को 'पुष्प प्रदर्शनी' में कौन-सा पुरस्कार मिला?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए- (2×3=6)

(क) होजा खिलौना फेंककर दूत को क्या समझाना चाहता था?

(ख) नन्ही चींटी से मनुष्य को क्या सीख मिलती है?

(ग) धरतीपटक सिंह ने खजूर का पेड़ किस इरादे से उखाड़ा?

(घ) अजंता के चित्र मिली-जुली प्रतिभा के उत्कृष्ट नमूने किस प्रकार हैं?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए- (3×2=6)

(क) अंग्रेजी राज समाप्त करने के लिए बिरसा मुंडा ने क्या-क्या किया?

(ख) यदि सालभर वर्षा नहीं होगी तो क्या होगा? 'अगर न नभ में बादल होते' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) डाकू खड्गसिंह ने बाबा भारती का घोड़ा किस प्रकार हासिल किया?

14. 'पेड़' कविता के आधार पर वृक्ष की जीवन यात्रा को लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए। (4×1=4)

अथवा

आयोजकों के सामने हरित ने किस प्रकार साबित किया कि पौधा उसका है। 'प्रिय पौधा' पाठ के आधार पर लगभग 40-50 शब्दों में उत्तर दीजिए।

## खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन)

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (लगभग 80–100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए– (5)

(क) मेरे सपनों का भारत–

संकेत बिन्दु–भूमिका ...... भारत की स्थिति........ भारत की संस्कृति,............. विश्व में भारत का स्थान .......... भारत का विकास .......... निष्कर्ष

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य–

संकेत बिन्दु–भूमिका–.......जीवन का लक्ष्य....... प्राप्ति में समस्या.......समाधान।

(ग) असफलता: एक चुनौती


संकेत बिंदु–अर्थ...........कारण........... सफलता के लिए प्रयास............ निष्कर्ष

16. विद्यालय में गेंद से खेलते समय खिड़की का शीशा टूट जाने पर प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या जी से क्षमायाचना करते हुए प्रार्थना–पत्र लिखिए। (5)

अथवा

पटाखा मुक्त दीपावली मनाने की सीख देते हुए छात्रवास में रहने वाले अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

17. निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न भावों को (80–100 शब्दों में) लिखिए– (5)



अथवा

केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए

विद्यालय में मनाए गए वार्षिक–उत्सव के अनुभव को डायरी के रूप में लिखिए।

18. अध्यापक और गृहकार्य न करके लाए छात्र की बातचीत पर आधारित संवाद लिखिए। (5)

अथवा

प्रिय खेल के विषय में चर्चा करते हुए दो मित्रों के मध्य संवाद लिखए।

# हिंदी (तृतीय)

## प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र - I

**(अंक विभाजन तथा उत्तर संकेत)** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :** यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा हो, परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | **खंड - क** | | |
| 1. | (I) (i) (ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | 1 | |
| | (ii) (घ) स्वास्थ्य व शरीर से | 1 | |
| | (iii) (ख) जंक फूड | 1 | |
| | (iv) (क) पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए। | 1 | |
| | (v) (ख) पौष्टिक भोजन : स्वस्थ जीवन का आधार | 1 | 5 |
| | (II) (i) (क) यज्ञ समाप्त होने पर | 1 | |
| | (ii) (ख) मोह ने | 1 | |
| | (iii) (ग) बूढ़ी कमज़ोर गाय | 1 | |
| | (iv) (क) 2 तथा 4 | 1 | |
| | (v) (ख) वाजश्रवा के पुत्र ने | 1 | 5 |
| | **खंड-ख** | | |
| 2 | (I). (क) प्रशंसा | ½ | |
| | (II) (ख) आँसू | ½ | |
| | (III) (घ) वृद्‌ध, छुट्‌टी, विद्‌यालय | 1 | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | (IV) (ख) ड्रम | 1 | 3 |
| 3. | (I). (ग) भारत | 1 | |
| | (II) (ग) मैं | 1 | |
| | (III) (ख) मीठा - सेब | 1 | 3 |
| 4. | (I). (क) कर दी | 1 | |
| | (II) (ख) भूतकाल | 1 | |
| | (III) (ग) साप्ताहिक | 1 | 3 |
| 5. | (I). (ग) धरा तथा भूमि | 1 | |
| | (II) (ख) नदी | 1 | |
| | (III) (ग) पुरानी | 1 | 3 |
| 6. | (I). (ख) लकड़ियाँ | 1 | |
| | (II) (ख) सफल | 1 | |
| | (III) (ग) भारतीय | 1 | 3 |
| 7. | (I). (ख) पर | 1 | |
| | (II) (ग) के | 1 | |
| | (III) (ख) दीवार, कलाकारी | 1 | 3 |
| 8. | (I). (ख) मन ही मन लड्डू फूटने लगे | 1 | |
| | (II) (क) हाय! अब क्या होगा? | 1 | 2 |
| | **खंड - ग** | | |
| 9. | (I) (ख) खनिजों से | 1 | |
| | (II) (घ) गेरू, चूना | 1 | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| | (III) (ख) लेपिज़ लजूली- अफ़गानिस्तान | | 1 | |
| | (IV) (ग) पौधों का | | 1 | |
| | (V) (ख) जल्दी उड़ जाते थे | | 1 | 5 |
| 10. | (I) (क) वज़ीर | | 1 | |
| | (ख) चीन | | 1 | 2 |
| | (II) 'क' | 'ख' | | |
| | (i) चंदा चमकेगा | तारों की जगर-मगर में | ½ | |
| | (ii) आसमान का सफ़र | और यह मौसम है, जाड़े का | ½ | |
| | (iii) टेरेंस लेविस | चिकित्सक | ½ | |
| | (iv) धरती पटक सिंह | पौष्टिक भोजन खाता था | ½ | 2 |
| 11. | (I) (क) बुद्धिमान व्यक्ति ने गुप्त बैठक से कहा। | | 1 | |
| | (ख) बल्लभभाई ने बड़े भाई विट्ठलभाई से कहा। | | 1 | 2 |
| | (II) **(कोई तीन)** | | | |
| | (क) सागर को | | 1 | |
| | (ख) शेर | | 1 | |
| | (ग) वर्षा ऋतु | | 1 | 3 |
| | (घ) सर्वश्रेष्ठ पौधे | | | |
| 12. | **(कोई तीन)** | | | |
| | (क) • तुम निरे बच्चे हो, खिलौनों से खेलो<br>• हम तुमसे अधिक ताकतवर हैं। | | 2 | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | (ख) • आत्मविश्वास के बल पर निरंतर आगे बढ़ना<br>• कठिनाइयों से डरे बिना कोशिश करते रहना लक्ष्य पाना | 2 | |
| | (ग) • धरतीपटक सिंह का मुखजोर सिंह के बेटे से भयभीत होना<br>• मुखजोर सिंह से भी डर जाना<br>• अपने भय पर नियंत्रण रखने के लिए खजूर का पेड़ उखाड़ना व उसे छड़ी बताना | 2 | |
| | (घ) • कई लोगों ने मिलकर बनाया है<br>• कुछ केवल मानव आकृतियाँ बनाते, कुछ जानवरों के चित्र, कुछ पेड़-पौधों के चित्र<br>• कुछ केवल रंग भरते ........... इस प्रकार मिली-जुली प्रतिभा के नमूने हैं। | | 6 |
| 13. | **( कोइ-दो )** | | |
| | (क) • लगान नहीं देंगे<br>• अंग्रेजों का हुक्म नहीं मानेंगे<br>• जगह-जगह सभाएँ की<br>• विक्टोरिया का पुतला बनाकर तीरंदाज़ी का अभ्यास कराना | 3 | |
| | (ख) • नदी-नहरें सूख जाएँगी<br>• खेती-बाड़ी नहीं हो पाएगी | 3 | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | • पक्षियों की प्यास नहीं बुझ पाएगी<br>• घटाएँ नहीं छाएँगी<br>• गरमी में तप-खपकर दिन बीतेंगे<br>(कविता के आधार पर अन्य बिन्दु भी स्वीकार्य)<br>(ग) • खड्गसिंह का अपाहिज बनकर रामावाला का पता पूछना<br>• बाबा से घोड़े पर बैठने की प्रार्थना करना<br>• धोखे से बाबा भारती का घोड़ा हथिया लेना | | 6 |
| 14. | **( कोई-एक )**<br>• बीजों का आँखें मींचे नम मिट्टी में सोना<br>• मंजन करना, चाय पीना<br>• भौंचक्के से हरे सूट में ज़मीन से बाहर आना<br>• पत्तों की थाली से खाना खाना<br>• चिड़ियों-तोतों के संग चोंच लड़ाना<br>• पेड़ पर पक्षियों का बसेरा होना<br>• पेड़ का हरी-भरी धरती के सुंदर सपने सोचकर सो जाना<br>(कविता के आधार पर अन्य बिंदु भी स्वीकार्य।)<br>अथवा<br>• प्रदर्शनी से पहले पौधे का चोरी हो जाना | 4 | 4 |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | • पौधा मोहल्ले के एक लड़के द्वारा प्रदर्शित करना | | |
| | • हरित के द्वारा आयोजकों को सारी बात बताना | | |
| | • अलग कमरे में रखे पौधे के सामने गिटार बजाना | | |
| | • पौधे का नृत्य जैसी क्रिया करना | | |
| | • मोहल्ले के लड़के का वहाँ से भाग जाना | | |
| | **<u>खंड 'घ' ( रचनात्मक लेखन )</u>** | | |
| 15. | अनुच्छेद लेखन | | |
| | • विषय-वस्तु | 2 | |
| | • अभिव्यक्ति | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |
| 16. | पत्र लेखन | | |
| | • प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ | 2 | |
| | • विषय वस्तु | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |
| 17. | चित्र - वर्णन | | |
| | • मौलिकता | 2 | |
| | • विषय वस्तु | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | अथवा | | |
| | डायरी लेखन (दृष्टिबाधित छात्रों के लिए) | 2 | |
| | • विषय-वस्तु | 2 | |
| | • अभिव्यक्ति | 1 | |
| | • मौलिकता | | |
| 18. | संवाद-लेखन | | |
| | • मौलिकता | 2 | |
| | • विषय वस्तु | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |

# प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र - II

## कक्षा-आठवीं

## हिंदी-( तृतीय )

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' ।
2. सभी खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर-पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में दी गई है।

### खंड 'क' ( अपठित बोध )

1.(I) निम्नलिखत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प छाँटकर लिखिए- (1x5=5)

कपिलवस्तु में शुद्धोदन नाम के एक राजा राज करते थे। उनके पुत्र का नाम सिद्ध ार्थ था। उसी का एक और भाई भी था, जिसका नाम देवदत्त था। दोनों के स्वभाव में ज़मीन-आसमान का अंतर था। सिद्धार्थ अत्यंत उदार तथा दयालु था, जबकि देवदत्त अत्यंत क्रूर तथा क्रोधी। एक दिन वे दोनों बगीचे में खेल रहे थे। तभी आसमान में एक हंस उड़ता दिखाई दिया। देवदत्त ने अपने धनुष से उस पर निशाना लगाया। हंस घायल होकर गिर पड़ा। घायल हंस को सिद्धार्थ ने उठा लिया। उसने उसके पंखों से तीर निकाला और घाव की मरहम पट्टी की। तभी देवदत्त उसके पास आया और हंस माँगने लगा। वह बोला, "मैंने इसे तीर से मार गिराया है, अतः यह हंस मेरा है।" उसकी बात सुनकर सिद्धार्थ ने उत्तर दिया, "यह मेरा है, क्योंकि मैंने इसे बचाया है।"

(i) सिद्धार्थ का स्वभाव कैसा था?

(क) क्रूर तथा दयालु

(ख) उदार तथा क्रोधी

(ग) दयालु तथा उदार

(घ) क्रूर तथा क्रोधी

(ii) देवदत्त ने हंस पर अपना अधिकार बताया। क्योंकि-

(क) उसने हंस को मारा था।

(ख) उसने हंस को बचाया था।

(ग) उसने हंस को देखा था।

(घ) उसने हंस पर निशाना लगाया था।

(iii) सिद्धार्थ ने हंस को अपना कहा, क्योंकि-

(क) उसने उसके पंखों से तीर निकाला।

(ख) घाव पर मरहम पट्टी की।

(ग) उसने उसे बचाया था।

(घ) वह उस पर द्रवित था।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

1. शुद्धोदन कपिलवस्तु का राजा था।
2. सिद्धार्थ का नाम देवदत्त था।
3. घायल हंस को देवदत्त ने बचाया।
4. हंस देवदत्त को मिला।

उपर्युक्त वाक्यों में से कौन-सा/कौनसे वाक्य सही है/हैं?

(क) केवल (1)

(ख) केवल (2)

(ग) 2, 3 एवं 4

(घ) 3 एवं 4

(v) यदि आप होते तो हंस पर किसका अधिकार मानते?

(क) बचाने वाले का

(ख) मारने वाले का

(ग) देखने वाले का

(घ) माँगने वाले का

(II) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प छाँटकर लिखिए- (1x5=5)

हमारा मन कितना कल्पनाशील होता है। उसे बचपन में उमड़ते-घुमड़ते बादलों में तरह-तरह की आकृतियाँ दिखाई देती है।। कभी बादल में हाथी बना दिखाई देता है तो कभी शेर, कभी पेड़ दिखाई देता है तो कभी पहाड़। प्रकृति की यह चित्रकारी बड़ी मनमोहक होती है। ऐसी ही चित्रकारी को देखते हुए मन कभी-कभी आकाश के उस पार देखना चाहता है, कभी नदी व झरने की तरह बहना चाहता है तो कभी पक्षियों के समान ही आकाश में उड़ना चाहता है। मेरा मन भी कभी-कभी कल्पना के सुनहरे पंख लगाकर उड़ जाना चाहता है। कभी-कभी मैं सोचता हूँ कि अगर मैं पक्षी होता तो क्या करता और यह सोचते ही मन पंख लगाकर दूर गगन में उड़ने लगता है। वास्तव में, अगर मैं पक्षी होता तो उड़ते-उड़ते अपने मनचाहे स्थानों पर घूम आता। पेड़ की ऊँची डालियों पर बैठकर जब मैं झूला झूलता, तो मुझे कितना अच्छा लगता, झरनों का एकदम साफ़ पानी पीता और तरह-तरह के फलों को खाकर अपनी भूख मिटाता। पक्षी होने पर मैं आकाश की सीमा को देखना चाहता, अपनी भाषा में फूलों, तितलियों, पेड़ों और प्रकृति की बहुत सारी चीजों से जी भरकर बातें करता। उनके साथ रहकर जीवन बिताता। आज जब बचपन डिजिटल चीजों के साथ केवल अपने कमरे तक सीमित होता जा रहा है, तब ऐसे में पक्षी बनकर नील गगन में उड़ान भरने का एक अलग मज़ा होता। कितना अच्छा होता कि अगर मैं पक्षी होता।

(i) अभिकथन (A)- बचपन में उमड़ते-घुमड़ते बादलों में तरह-तरह की आकृतियाँ दिखाई देती हैं।

कारण (R)- प्रकृति की चित्रकारी बड़ी मनमोहक होती है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ii) मनुष्य कमरे की सीमा तक सीमित होता जा रहा है। इसका क्या कारण हैं?

(क) रोगग्रस्तता

(ख) डिजि़टलीकरण

(ग) कल्पनाशीलता

(घ) आलस्य

(iii) मन कभी-कभी आकाश के उस पार क्यों देखना चाहता है?

(क) प्रकृति की चित्रकारी के कारण

(ख) चित्रकारी के कारण

(ग) वनस्पतियों के कारण

(घ) उड़ने के कारण

(iv) बादलों में क्या-क्या दिखाई देता है?

1. हाथी, पक्षी
2. पेड़, झरने
3. शेर, हाथी
4. हाथी, आकाश

(v) उपर्युक्त गद्यांश से स्पष्ट होता है-

(क) बालमन कल्पनाशील होता है।

(ख) बालमन उतावला होता है।

(ग) बालमन जिज्ञासु होता है।

(घ) बालमन दूरगामी होता है।

## खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

2 (I). निम्नलिखित विकल्पों में से उचित अनुस्वार वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए- (½)

(क) मंगल (ख) तुरंत

(ग) सुदंर (घ) आँगन

(II) उचित स्थान पर लगे 'नुक्ता' वाले विकल्प छाँटिए- (½)

(क) अंग्रेज़, सफ़ेद (ख) ताज़्ज़ुब, खेड़ा

(ग) ज़िंदगी, तख़्त (घ) सज़ा, गुफ़ा

(III) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित मानक रूप वाला विकल्प होगा- (1)

(क) चिह्न, पद्य (ख) शुद्ध, द्वारा

(ग) गद्य, सिद्‌ध (घ) जिह्‌वा, वृद्‌ध

(IV) 'र' के उचित रूप वाला सही विकल्प होगा- (1)

(क) राष्ट्रीय (ख) क्रायस्थल

(ग) पर्काश (घ) गृह

3. (I). भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प होगा-

(क) कमल (ख) हरा (1)

(ग) हरियाली (घ) जंगल

(II) '............पढ़ने की अनुमति दे दीजिए। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्द द्वारा कीजिए- (1)

(क) मेरे को (ख) तुम्हें

(ग) मुझे (घ) आपका

(III) 'मोहन की दादी ने उसे रोचक कहानी सुनाई।' दिए गए वाक्यों में विशेषण तथा विशेष्य हैं (1)

(क) मोहन- दादी (ख) कहानी - रोचक

(ग) रोचक - कहानी (घ) दादी - कहानी

4. (I). 'मैं पाँच किलो लड्‌डू खा सकता हूँ।'- वाक्य में संयुक्त क्रिया होगी- (1)

(क) सकता हूँ (ख) खा सकता हूँ

(ग) खा (घ) लड्‌डू खा सकता हूँ

(II) 'चीन में एक निर्दयी राजा राज्य करता था।'- वाक्य में काल का भेद है- (1)

(क) भूतकाल (ख) भविष्यत् काल

(ग) वर्तमान काल (घ) प्राचीन काल

(III) 'जो संगीत का ज्ञाता हो'- वाक्यांश के लिए एक शब्द छाँटकर लिखिए- (1)

(क) गायक (ख) संगीतज्ञ

(ग) अभिनेता (घ) साहित्यकार

5. (I). 'घर' के पर्यायवाची शब्द हैं- (1)

(क) गृह, भवन (ख) कानन, गृह

(ग) महल, ग्रह (घ) जंगल, मकान

(II) 'चक्षु' शब्द का पर्यायवाची है- (1)

(क) वृक्ष (ख) घर

(ग) अग्नि (घ) आँख

(III) 'मनुष्य के जीवन में धूप ............ आते जाते रहते हैं।- रेखांकित शब्द का विलोम शब्द छाँटकर लिखिए- (1)

(क) आँगन (ख) छाया

(ग) छाँव (घ) गर्मी

6. (I). 'पत्ता' शब्द का बहुवचन होगा- (1)

(क) पत्ते (ख) पत्ती

(ग) पते (घ) पत्तियाँ

(II) 'वि' उपसर्ग द्वारा बनने वाला उचित शब्द होगा- (1)

(क) विरूप (ख) विघ्न

(ग) विदेश (घ) विधर्म

(III) निम्नलिखित में से किस शब्द में 'दार' प्रत्यय का प्रयोग नहीं किया गया है- (1)

(क) मज़ेदार (ख) मालदार

(ग) समझदार (घ) साहूकार

7. (I). 'मानव छत......... गिर गया।'- उचित कारक चिह्न द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- (1)

(क) को (ख) से

(ग) में (घ) की

(II) 'मैंने रोहन की पुस्तक नहीं ली।' वाक्य में कारक चिह्न होगा- (1)

(क) मैंने (ख) नहीं

(ग) ली (घ) की

(III) शुद्ध शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए- (1)

(क) सुरक्षित, सीपाही (ख) कोशिश, दुर्घटना

(ग) चीकीत्सक, प्रदर्शनी (घ) सामाजिक, बेईमानि

8. (I). बाबा भारती का घोड़ा दौड़ते हुए......। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित मुहावरा छाँटिए- (1)

(क) हवा से बातें करना (ख) नौ-दो ग्यारह होना

(ग) आग-बबूला होना (घ) घी के दीए जलाना

(II) उचित विराम-चिह्न वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए- (1)

(क) मोहन, हमेशा सच बोलता है।

(ख) मुझे पसीना आ रहा है।

(ग) तुम! क्या कहना चाहते हो।

(घ) मैं सुबह शाम ईश्वर का ध्यान करता हूँ

## खंड 'ग' ( पाठ्यपुस्तक )

9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×5=5)

हरित के शहर में प्रतिवर्ष फरवरी माह में 'पुष्प प्रदर्शनी' होती थी। उसमें तरह-तरह के पौधे और पुष्प गमलों में प्रदर्शित किए जाते थे। प्रदर्शनी में पौधों और पुष्पों को अलग-अलग वर्गों में रखा जाता। उनमें से स्वस्थ, सुंदर और आकर्षक पौधों को पुरस्कार दिए जाते।

हरित को जब 'पुष्प प्रदर्शनी' के विषय में पता चला तो उसने भी भाग लेने का निर्णय किया। वह अपने प्रिय पौधों के पास खड़ा होकर प्रतिदिन गिटार बजाता। उसको समय पर पानी और खाद देता। गरमी, सरदी और तेज़ धूप से उसकी रक्षा करता। गिटार की धुन पर वह पौधा ऐसी क्रिया करता, जैसे नृत्य कर रहा हो।

(I) 'पुष्प प्रदर्शनी' किस माह में होती थी?

(क) जनवरी (ख) फरवरी

(ग) मार्च (घ) नवंबर

(II) पौधों को पुरस्कार किस आधार पर दिया जाता था?

(क) केवल सुंदरता के आधार पर

(ख) केवल स्वास्थ्य के आधार पर

(ग) सुंदरता और स्वास्थ्य के आधार पर

(घ) स्वस्थ, सुंदर और आकर्षण के आधार पर

(III) हरित पौधे के पास खड़ा होकर क्या करता था?

(क) गिटार की धुन सुनता था। (ख) सितार बजाता था।

(ग) पुष्प और पौधों को अलग करता। (घ) गिटार बजाता था।

(IV) हरित अपने पौधे का ध्यान रखने के लिए कौन-सा कार्य नहीं करता था-

(क) समय पर पानी देना (ख) खाद डालना

(ग) कम धूप में रखना (घ) सरदी गरमी से रक्षा

(V) गिटार की धुन पर पौधे ने क्या प्रतिक्रिया की?

(क) नृत्य करने लगा (ख) झूमने लगा

(ग) मुरझा गया (घ) लहराने लगा

10. (I) पठित पाठों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1×2=2)

(क) .......... ने वल्लभभाई को 'सरदार' की उपाधि दी।

(ख) बाबाभारती के घोड़े का नाम ............. था।

(II) पठित पाठों के आधार पर वाक्यों का मिलान कीजिए– (½×4=2)

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (i) | नदी यहाँ पर मुड़ती है | स्वीकार करो |
| (ii) | असफ़लता एक चुनौती है | क्रांतिकारी देशभक्त |
| (iii) | अजंता की गुफ़ाएँ | फिर चलती ही जाती है |
| (iv) | बिरसा मुंडा | महाराष्ट्र |

11. (I) निम्न कथन किसने, किससे कहे– (1×2=2)

(क) "मेरा गधा खो गया है, ज़रा बता दो कहाँ होगा?"

(ख) "भारत जाने की दिशा और सही रास्ता बताओ।"

(II) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– (1×3=3)

(क) वल्लभ भाई को देश किस नाम से याद करता है?

(ख) पाठ 'दो पहलवान' में आए दोनों पहलवानों का नाम लिखिए।

(ग) दादी पोते को कौन–सी कहानियाँ सुनाती थी?

(घ) बादल कहाँ से जल भर कर लाते हैं?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में दीजिए– (2×3=6)

(क) नदी हमारे लिए क्या–क्या करती है?

(ख) गोबर्धनदास अँधेर नगरी में ही क्यों रहना चाहता था?

(ग) बेट्टिना के जीवन में शिक्षक बैरी की क्या भूमिका थी?

(घ) सफ़लता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है? पाठ 'कोशिश करने वालों की हार नहीं होती' के आधार पर बताइए।

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए- (3×2=6)

(क) खड्गसिंह कौन था? उसने 'बाबा भारती' के घोड़े के बारे में क्या-क्या सुना था?

(ख) बारिश आने पर क्या-क्या परिवर्तन होते हैं? कविता 'अगर न नभ में बादल होते' के आधार पर बताइए।

(ग) दूसरे वृद्ध ने भारत की दूरी बताने के लिए क्या-क्या बताया? 'बुद्धिमान राजा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

14. सरदार बल्लभभाई पटेल के जीवन से आप किन-किन गुणों को अपनाएँगे? किन्हीं दो गुणों का सविस्तार वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

'चाँद का कुर्ता' कविता के आधार पर माँ और चाँद की बातचीत को लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए।

## खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन)

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (लगभग 80-100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए- (5)

(क) समुद्र तट की सैर-

संकेत बिन्दु-भूमिका ...... समुद्र की यात्रा का वर्णन, अनुभव

(ख) पुस्तकें हमारी मार्गदर्शक

संकेत बिन्दु-पुस्तकों का महत्त्व, नैतिक शिक्षा का विकास, पुस्तकें हमारी पथ प्रदर्शक, प्रिय पुस्तक, निष्कर्ष।

(ग) अनुशासित जीवन: हमारी सफलता का आधार

संकेत बिंदु-अनुशासन का अर्थ, सफलता के उपाय, लाभ, निष्कर्ष

16. प्रधानाचार्या को शुल्क माफ़ी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपनी रोचक यात्रा के विषय में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

17. निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न भावों को (80-100 शब्दों में) लिखिए- (5)



अथवा

केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए

आपने अपने मित्र के इलाज में सहायता की। उस अनुभव को डायरी-शैली में लिखिए।

18. पुत्र के परीक्षा में कम अंक आने पर माता-पिता की बातचीत को संवाद में लिखिए। (5)

अथवा

'समय के महत्त्व' पर दो सखियों की बातचीत को संवाद शैली में लिखिए।

# हिंदी

## प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र - II

**( अंक विभाजन तथा उत्तर संकेत )** **अधिकतम अंक : 80**

**निर्देश :** यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा हो, परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | **खंड - क** | | |
| 1. | (I) (i) (ग) दयालु तथा उदार | 1 | |
| | (ii) (घ) उसने हंस पर निशाना लगाया था। | 1 | |
| | (iii) (ग) उसने उसे बचाया था। | 1 | |
| | (iv) (क) केवल (1) | 1 | |
| | (v) (क) बचाने वाले का | 1 | 5 |
| | (II) (i) (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। | 1 | |
| | (ii) (ख) डिजि़टलीकरण | 1 | |
| | (iii) (क) प्रकृति की चित्रकारी के कारण | 1 | |
| | (iv) (ग) शेर, हाथी | 1 | |
| | (v) (क) बालमन कल्पनाशील होता है। | 1 | 5 |
| | **खंड 'ख'** | | |
| 2 | (I). (क) मंगल | ½ | |
| | (II) (ग) ज़िंदगी, तख़्त | ½ | |
| | (III) (घ) जिह्वा, वृद्‌ध | 1 | |
| | (IV) (क) राष्ट्रीय | 1 | 3 |
| 3. | (I). (ग) हरियाली | 1 | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | (II) (ख) मुझे | 1 | |
| | (III) (ग) रोचक - कहानी | 1 | 3 |
| 4. | (I) (ख) खा सकता हूँ | 1 | |
| | (II) (क) भूतकाल | 1 | |
| | (III)(ख) संगीतज्ञ | 1 | 3 |
| 5. | (I) (क) गृह, भवन | 1 | |
| | (II) (घ) आँख | 1 | |
| | (III)(ग) छाँव | 1 | 3 |
| 6. | (I).(क) पत्ते | 1 | |
| | (II) (ग) विदेश | 1 | |
| | (III)(घ) साहूकार | 1 | 3 |
| 7. | (I).(ख) से | 1 | |
| | (II) (घ) की | 1 | |
| | (III)(ख) कोशिश, दुर्घटना | 1 | 3 |
| 8. | (I).(क) हवा से बातें करना | 1 | |
| | (II) (ख) मुझे पसीना आ रहा है। | 1 | 2 |
| | **<u>खंड 'ग'</u>** | | |
| 9. | (I) (ख) फरवरी | 1 | |
| | (II)(घ) स्वस्थ, सुदर और आकर्षण के आधार पर | 1 | |
| | (III)(घ) गिटार बजाता था। | 1 | |
| | (IV)(ग) कम धूप में रखना | 1 | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| | (V) (क) नृत्य करने लगा | | 1 | 5 |
| 10. | (I) (क) गाँधीजी ने | | 1 | |
| | (ख) सुलतान | | 1 | 2 |
| | (II) **'क'** | **'ख'** | | |
| | (i) नदी यहाँ पर मुड़ती है | फिर चलती ही जाती है | ½ | |
| | (ii) असफ़लता एक चुनौती है | स्वीकार करो | ½ | |
| | (iii) अजंता की गुफ़ाएँ | महाराष्ट्र | ½ | |
| | (iv) बिरसा मुंडा | क्रांतिकारी देशभक्त | ½ | 2 |
| 11. | (I) (क) कुम्हार ने पंडितजी से | | 1 | |
| | (ख) चीन के राजा ने बंदियों से | | 1 | 2 |
| | (II) **(कोई-तीन)** | | | |
| | (क) लौह पुरूष | | 1 | |
| | (ख) धरतीपटक सिंह, मुखजोर सिंह | | 1 | |
| | (ग) राजा-रानी की कहानियाँ | | 1 | 3 |
| | (घ) सागर से/सिंधु से | | | |
| 12. | **(कोई तीन)** | | | |
| | (क) • खेतों को सींचती है | | 2 | |
| | • हरियाली फैलाती है। | | | |
| | • जीवन में आगे बढ़ने का संदेश | | | |
| | (कोई दो बिंदु स्वीकार्य) | | | |
| | (ख) • सभी वस्तुएँ टके सेर मिलती थी। | | 2 | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | • भिक्षा आसानी से मिलती थी। | | |
| | (ग) • प्रतिभा और दृढ़-संकल्प से परिचित होना | 2 | |
| | • नृत्य कला में सहयोग का आश्वासन | | |
| | (घ) • असफलता को चुनौती मानना | | 6 |
| | • लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करना | | |
| 13. | **( कोइ-दो )** | 3 | |
| | (क) • डाकू था | | |
| | • चाल मनमोहक है | | |
| | • सुंदर है | | |
| | (ख) • झरने बहने लगते हैं | 3 | |
| | • मोर खुश होकर नाचने लगते हैं | | |
| | • बच्चे गोते लगाते, नहाते हैं | | |
| | (अन्य बिन्दु भी स्वीकार्य) | | |
| | (ग) • टोकरी से सूखा फल निकाला | | 6 |
| | • राजा को बीज लेकर जाने की बात कही | | |
| | • बीज वृक्ष बन गए | | |
| | • फ़ल निकल आए और सूख गए। | | |
| 14. | **( कोई-एक )** | | |
| | • आत्म- विश्वास | 4 | 4 |
| | • देश प्रेम | | |
| | • निर्भीकता | | |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | • त्याग | | |
| | • दृढ़-इच्छाशक्ति | | |
| | (पाठाधारित अन्य बिंदुओं को स्वीकार करते हुए किन्हीं दो गुणों का सविस्तार वर्णन) | | |
| | अथवा | | |
| | चाँद द्वारा- | | |
| | • माँ से ऊन का मोटा झिंगोला सिलवाने की जिद करना | | |
| | • ठंड से ठिठुरकर मरने की बात कहना | | |
| | • किराए पर कुर्ता लाने के लिए कहना | | |
| | माँ द्वारा- | | |
| | • कुशलता की कामना करना | | |
| | • बार-बार नाप बदलने की बात कहना | | |
| | **<u>खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन)</u>** | | |
| 15. | अनुच्छेद लेखन | | |
| | • विषय-वस्तु | 2 | |
| | • अभिव्यक्ति | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |
| 16. | पत्र लेखन | | |
| | • प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ | 2 | |
| | • विषय-वस्तु | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 17. | चित्र - वर्णन | | |
| | • मौलिकता | 2 | |
| | • विषय-वस्तु | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |
| | अथवा | | |
| | डायरी लेखन (दृष्टिबाधित छात्रों के लिए) | | |
| | • विषय-वस्तु | 2 | |
| | • अभिव्यक्ति | 2 | |
| | • मौलिकता | 1 | |
| 18. | संवाद-लेखन | | |
| | • मौलिकता | 2 | |
| | • विषय-वस्तु | 2 | |
| | • भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |